pan>

Title : Impending drought condition in Jharkhand-Laid

श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग): झारखंड गंभीर सूखे की स्थिति की ओर बढ़ रहा है । यह एक वर्षा निर्भर राज्य है । अतः सूखे का मामला अत्यंत गंभीर व आवश्यक है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है । दिनाँक 01.06.2022 से 28.07.2022 की अवधि के वर्षा के आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में सामान्य स्तर की तुलना में लगभग 50% कम वर्षा हुई है । भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह अल्प-वर्षा की श्रेणी में आता है । दिनाँक 28.07.2022 तक, 24 ज़िलों में से 22 ज़िले अल्प-वर्षा की श्रेणी में हैं, जिनमें से 10 ज़िलों में अल्प से भी कम वर्षा हुई है । मेरे अपने निर्वाचन क्षेत्र, हजारीबाग और रामगढ़ ज़िलों में केवल 39-46% वर्षा दर्ज की गई है । इससे राज्य में धान की पैदावार बुरी तरह प्रभावित हो रही है और हमारे किसानों को काफी कठिनाइयां होती हैं । 20 जुलाई 2022 तक के आंकड़ों के अनुसार केवल 1.68 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई थी जबकि लक्ष्य 18 लाख हेक्टेयर का था । यानी मात्र 9.56 प्रतिशत पर बुवाई की गई । अतः मैं केंद्र से आग्रह करता हूँ कि राज्य सरकार को उचित निर्देश प्रदान करे ताकि सिंचाई के अभाव में राज्य में खाद्य सुरक्षा पर कोई संकट ना पड़े ।